# सात दिवसीय भगोर्या हाट का चहुंओर उत्साह-उल्लास छाया

## गूंजेगी मांदल की थाप, भगोर्या हाट आदिवासियों की पहचान परंपरा एवं सामुदायिक मिलन का जिवंत उत्सव भी है





**बाग।** पश्चिमी मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचलों में विशेषकर झाबुआ अलीराजपुर धार और खरगोन में आदिवासियों का विशेष हाट भगोर्या हाट का महोत्सव चहुंओर प्रारंभ हो गया है यह भगोर्या सात दिवसीय रहता है अलग अलग स्थानों में यह भगोर्या हाट सात दिवस तक चलता है । इसका उत्साह आदिवासीयों में सर चढ़कर बोलता है यह महोत्सव आदिवासी जीवन, प्रेम परंपरा,ओर उत्सव का अनोखा संगम है । जहां प्रकृति और संस्कृति एक साथ रंग बिखरती है ।

**भगोर्या हाट की खास झलकियां जो भगोर्या की पहचान होती है-** इस विशेष हाट पर आदिवासी युवक युवतियों के सजने संवरने का अलग ही अंदाज होता है जो देखने लायक होता है अपनी अनचली परंपरा के अनुसार पारंपरिक वेशभूषा,में सजे युवक युवतियां, ढोल मांदल बांसुरी की मधुर तान पर सामुहिक नृत्य करते हैं । हाट बाजारो में झूले चकरी और खिलोनों की रौनक पलास केसुड़िंया के फूलों और गुलाल से रंगी खुशियां का मस्ती भरा आलम होता है । इस भगोर्या हाट में बच्चे युवा बुजुर्ग महिलाएं पुरुष सभी का उत्साह चरम पर होता है । साथ ही भगोर्या केवल हाट ही नहीं बल्कि आदिवासी पहचान प्रेम परंपरा और सामुदायिक मिलन का जीवंत उत्सव भी है । जो होली से पहले पूरे क्षैत्र को रंगो ओर उमंग से भर देता है ।

**राजनिति रंग भी चढ़ता है भगोर्या के इस हाट में करते हैं अपने अपने समर्थकों का सम्मान राजनेता-** भगोर्या के इस हाट में आदिवासी समाज के उत्साह उमंग भरे उल्लास में राजनिति रंग भी जमकर चढ़ता है इस दिन अपने अपने क्षैत्र के राज नेता भी भगोर्या के इस हाट में विशेष कर दस्तक देते हैं । ओर अपने समर्थकों कै साथ मांदल की थाप और थाली की झंकार पर जमकर थिरकते है । इस विशेष हाट की बधाई के साथ ही अपने अपने समर्थकों का सम्मान कर उन्हें पुरस्कृत भी करते हैं । उमंग और मस्ती भरे इस हाट की एसी बहुत सी विशेषता है । जिसकी झलक सबसे अलग होती है । देश विदेश के लोग भी इस हाट का आनंद लेने ग्रामीणों क्षैत्रो के हाटों में पहुंचते हैं और मस्ती से इसका भरपूर आनंद लेते हैं ।

## दुग्ध सहकारी संस्थाओं के सचिवों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**धार।** एनपीडीडी के सहयोग से इंदौर दुग्ध सहकारी संघ एवं जिला सहकारी संघ धार के संयुक्त तत्वाधान में धार जिले के मनावर तहसील कि दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्थाओं के सचिवों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया , कार्यक्रम में इंदौर दुग्ध सहकारी संघ के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक श्री एन के पगारे व सहकारी प्रशिक्षण केंद्र इंदौर के पूर्व प्राचार्य श्री के , एल, राठौर मुख्य वक्ता के रूप में रहे । कार्यक्रम दिनांक 25 से 27 फरवरी 2026 तक मनावर में *होटल हरी विलास* में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत जिला सहकारी संघ के प्रचार प्रसार अधिकारी श्री लक्ष्मी नारायण चावड़ा ने किया द्य कार्यक्रम में दुग्ध सहकारी संघ के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक श्री एन, के, पगारे ने सचिवों को लेखांकन पद्धति के अंतर्गत कैश बुक, जनरल लेजर एवं लेखांकन से संबंधित रखी जाने वाली पुस्तकों को बताते हुए आय व्यय पत्रक , स्थिति विवरण पत्रक अंतिम लेखा का अध्ययन कराया साथ ही स्वच्छ दूध उत्पादन का संग्रहण किस प्रकार से किया जाए उस पर भी चर्चा की द्य मुख्य वक्ता सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के पूर्व प्राचार्य श्री के , एल, राठौर ने प्रशिक्षार्थियों को सहकारिता के सैद्धांतिक पहलू बताते हुए सहकारी संस्था की प्रबंध व्यवस्था के अंतर्गत आमसभा संचालक मंडल की बैठकें एवं सचिवों को उनके अधिकार कर्तव्य पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक श्री डी एस निगम ने सहकारी संस्थाओं के ऑडिट और ऑडिट में आने वाली कठिनाइयां के बारे में बताते हुए ऑडिट किस प्रकार से कराया जाना चाहिए पर अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शुभेन्द्र सिंह पवार ने किया एवं आभार व्यक्त किया।

# संकल्प से समाधान कैंप में आए सिर्फ तीन आवेदन

## ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खबर नहीं , कैंप बना औपचारिक





**बाग।** बाग में शुक्रवार को सरकार के संकल्प से समाधान' अभियान के तहत जनपद स्तरीय शिविर लगाया गया, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही और जानकारी की कमी की वजह से यह कार्यक्रम पूरी तरह फेल साबित हुआ। शिविर में 24 पंचायतों के लोगों को फायदा मिलना था, लेकिन ग्रामीण इलाकों से सिर्फ 2-3 हितग्राही ही यहां पहुंच पाए। जिस जनता के लिए यह शिविर लगाया गया था, उन्हें इसकी खबर ही नहीं मिल पाई। नतीजा यह हुआ कि शिविर सिर्फ एक कागजी खानापूर्ति बनकर रह गया। यहां तक कि जनपद सीईओ खुद भी इस कार्यक्रम से गायब रहीं। शिविर में लगी ज्यादातर कुर्सियों पर आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता ही बैठी नजर आईं। अधिकांश पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायक भी अपनी ड्यूटी से नदारद रहे।

**24 पंचायतों से पहुंचे सिर्फ 3 ग्रामीण-** इस शिविर का मकसद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और उनके जरूरी कागजात बनवाना था। लेकिन आलम यह रहा कि 24 पंचायतों में से सिर्फ 3 ग्रामीण ही यहां पहुंचे, बाकी 23 लोग बाग नगर के थे जो अपना आवेदन देकर चले गए। बिजली, बैंक और खाद्य विभाग जैसे जरूरी विभागों का तो कोई कर्मचारी यहां झांकने तक नहीं आया।

**बीजेपी मंडल अध्यक्ष ने जताई नाराजगी-** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और बीजेपी मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने इस खराब व्यवस्था पर जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई, जिसकी वजह से शासन की इतनी महत्वपूर्ण योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पाया। वहीं बाग पंचायत सरपंच धर्मेंद्र बामनिया ने भी कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारी यहां उपस्थित हुए हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्र से हितग्राहियों की संख्या नगण्य है।

**अधिकारियों ने दी सफाई-** जब इस बारे में नोडल अधिकारी बलराम अलावा से पूछा गया, तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि ग्रामीण इन दिनों खेती-किसानी के कामों में बहुत व्यस्त हैं, शायद इसीलिए वे शिविर में नहीं आए । जन प्रतिनिधियों ने जिम्मेदारों की बड़ी लापरवाही पर जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को शिकायत की है।

## धार में सजे स्वदेशी मेले में गूंजा आत्मनिर्भरता का स्वर



**धार।** स्वदेशी जागरण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करता स्वदेशी मेला श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभावना के साथ आयोजित हुआ। मेले का शुभारंभ मां सरस्वती की आरती के साथ हुआ, जिसका सौभाग्य महेश महेश्वरी (प्रदेश प्रभारी, नरेंद्र मोदी विचार मंच एवं प्रदेश उपाध्यक्ष, (Confederation of All India Traders), राजा भाऊ भदाने (प्रदेश अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक मंच) तथा मुकेश निगम (जिला अध्यक्ष) सहित अन्य जिला पदाधिकारियों को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर श्री महेश महेश्वरी ने स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावना के अनुरूप हमें देश में निर्मित वस्तुओं, लघु व्यापारियों, मजदूरों और कारीगरों का सम्मान करते हुए अधिक से अधिक लोकल उत्पाद खरीदने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी को प्राथमिकता देते हैं, तभी सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होता है और देश आर्थिक रूप से सशक्त बनता है। मेले में विभिन्न स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। अतिथियों ने स्टॉलों का भ्रमण कर स्थानीय उत्पादों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान खेल गतिविधियों में भी उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने वॉलीबॉल खेल में सहभागिता कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया तथा गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेकर मेले के आनंद को दोगुना कर दिया। स्वदेशी मेले ने न केवल व्यापार को बढ़ावा देने का संदेश दिया, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्र निर्माण की भावना को भी मजबूत किया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर स्थानीय उद्यमियों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान हरीश आर्य, ताजू वसुनिया, गणेश राठौड़ भी उपस्थित रहे।

## आईटीआई संस्थान विकास समिति की वार्षिक बैठक आयोजित



**धार।** कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में आई.टी.आई. संस्थान विकास समिति की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्थान के वार्षिक आय-व्यय विवरण, वर्तमान शैक्षणिक गतिविधियों तथा आगामी सत्र की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। आई.टी.आई. धार में चरणबद्ध रूप से नए ट्रेड प्रारंभ करने, प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार तथा आवश्यक संसाधन एवं आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने के संबंध में निर्णय लिए गए। बैठक में आई.टी.आई. प्लेसमेंट की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने, संस्थान विकास निधि से संविदा शिक्षकों की नियुक्ति का प्रस्ताव पारित करने, कार्यशालाओं हेतु कक्षाओं की मरम्मत एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर सहमति व्यक्त की गई। इस दौरान एन.एल.एम. (नवीन लर्निंग मैटेरियल) अंतर्गत कक्षा 1 एवं 2 की पुस्तकों के मुद्रण, भंडारण एवं वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि पुस्तकें शीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि विद्यार्थियों को समय पर अध्ययन सामग्री मिल सके।

## मनावर में शानदार मना भगोरिया पर्व

**मनावर (इंदौर समाचार)।** मनावर में शुक्रवार हाट बाजार होने से भगोरिया पर्व बड़े उत्साह से मनाया गया जिसमें पुलिस प्रशासन की तरफ से एक कैंप लगाकर नशा मुक्ति का अभियान भी चलाया गया जिसके मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी विजय डावर सम्मिलित हुए लोगों को नसे से जागृत करने के लिए मनावर के स्वरागिनी गायन ग्रुप के संदीप जाजमें द्वारा नशा मुक्ति पर गीत भी बनाया गया जिस मंच का संचालक विश्वदीप मिश्रा द्वारा किया गया। वही भगोरिया पर्व मैं पधारे आदिवासियों का स्वागत करने के लिए जयस द्वारा भी मंच लगाया गया। वही राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस द्वारा भी मंच लगाकर सभी मांदल वालों का स्वागत सत्कार किया गया। भाजपा के मंच पर पूर्व सांसद छतर सिंह दरबार धार जिला भाजपा ग्रामीण नगर मंडल अध्यक्ष चंचल पाटीदार और मनावर नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार द्वारा सभी मांदल वालों को पुरस्कार दिया गया। वहीं कांग्रेस के मंच पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष ओम सोलंकी और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश पाटीदार वही मनावर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष श्रीमती लक्ष्मी जाट ने भी सभी मांदल के थाप वालों का स्वागत कर पुरस्कार दिया गया। वही मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के महासचिव सुनील स्टार चौहान द्वारा अपनी मांदल की थाप पर पूरे भगोरिया में रंग जमाया उनके साथ आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जगदीश कनेल और भी कई सहयोगी उपस्थित रहे। आसपास छोटे व्यापारों ने अपनी दुकान लगाकर सभी का सहयोग किया। मनावर नगर पालिका की ओर से सुचारू रूप से पहले ही एंबुलेंस फायर ब्रिगेड और अन्य व्यवस्था कर रखी थी। वहीं पुलिस प्रशासन की तरफ से सभी को इस गर्मी से राहत देने के लिए ठंडाई की व्यवस्था कर रखी थी।

# रीवा मेडिकल कॉलेज में चयन पर बीएमओ डॉ. अहरवाल को आत्मीय विदाई

**डही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डही में पदस्थ बीएमओ डॉ विजय अहरवाल का हायर एजुकेशन (एमएस ऑर्थोपेडिक्स) के लिए रीवा मेडिकल कॉलेज में चयन होने से स्टाफ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर आत्मीय विदाई दी गई।

इस अवसर पर डॉ रामसिंह इकवाले ने कहा कि बीएमओ अहरवाल ने सदैव ईमानदारी, समर्पण और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया। उनके मार्गदर्शन में हमारे स्वास्थ्य केंद्र ने निरंतर प्रगति की और नई उपलब्धि हासिल की। डॉ जगदीश पटेरिया ने कहा कि ब्लॉक डही क्षेत्र अति पिछड़ा एवं कम संसाधनों के बावजूद भी चाहे राज्य चाहे जिला स्तर के लक्ष्य की प्राप्ति हो आपने जन सामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का अपने हर चुनौती को अवसर में बदल दिया। डॉ धर्मेंद्र परिहार, डॉ चितरंजन बघेल ने कहा कि आपका शांत स्वभाव, सकारात्मक सोच और प्रत्येक कर्मचारी के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण सदैव प्रेरणादायक रहा। डॉ राहुल रावत और डॉ हीना रावत ने कहा कि आपने हमें सिखाया कि प्रशासन केवल आदेश देने से नहीं बल्कि साथ लेकर चलने से सफल होता है। बीपीएम अर्चना जमरा और अन्य स्टाफ ने कहा कि आप जब अपने नए दायित्व की ओर अग्रसर हो रहे हैं तो हम सभी की ओर से यही शुभकामनाएं कि आप जहां भी रहे सफलता, सम्मान और संतोष आपके साथ रहे। उन्होंने कहा कि बीएमओ डॉ विजय अहरवाल का जाना हमारे लिए एक कमी अवश्य है। परंतु आपकी सीख, आपके संस्कार और आपका मार्गदर्शन सदैव हमारे साथ रहेगा। डॉ दुर्गेश वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के ग्राम करजवानी से प्राथमिक शिक्षा, उच्चतर शिक्षा ब्लॉक डही एवं ग्रेजुएशन की शिक्षा (एमबीबीएस) गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में कठिन परिश्रम करते हुए प्राप्त कर आपने वर्ष 2018 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डही में पदस्थ हुए एवं वर्ष 2021 से आज दिनांक तक खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर रहते हुए सतत सेवाएं आपके द्वारा दी गई। जो कि इस आदिवासी बहुल अंचल के लिए गौरवान्वित है। उन्होंने कहा सच्चा नेतृत्व वही है, जो पद से नहीं व्यक्तित्व से पहचाना जाए और आप उसका श्रेष्ठ उदाहरण है। तहसीलदार ललिता गडरिया, थाना प्रभारी दिलीप कुमार तड़ेवला, प्राचार्य अरुण कुशवाह, जेडी डावर आदि ने उन्हें उच्च शिक्षा के लिए शुभकामनाएं दी।



# बदनावर में 16 मार्च को रितंभरा दीदी के दिव्य प्रवचन, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**बदनावर (इंदौर समाचार)।**16 मार्च को अनाज मंडी बदनावर में आयोजित होने वाले वात्सल्य मूर्ति रितंभरा दीदी के एकदिवसीय दिव्य प्रवचन को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने के लिए शुक्रवार देर शाम पेटलावद रोड स्थित वैष्णव पंच परिसर में समाजजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को आयोजन की सफलता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक में नगर के प्रमुख समाजजन, कार्यकर्ता एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर आयोजन को भव्यता प्रदान करने का संकल्प लिया। मंच व्यवस्था, स्वागत सत्कार, वाहन पार्किंग, जलपान, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासन सहित विभिन्न जिम्मेदारियां अलग-अलग टोली जिम्मेदारी पर भी चर्चा की गई। साथ ही पूरे नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया। कार्यक्रम में ऋतंभरा जी के शिष्य ऋषिराज महाराज, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, राष्ट्रीय कवि मुकेश मोलवा, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अशोक मुकाती, खंड कार्यवाहक अभिषेक भाटी, मंचासीन रहे। सर्व सहमति से लाखन सिंह जादौन को संयोजक बनाया गया। पूर्व मंत्री दत्तीगाव ने कहा कि इस वर्ष आयोजन एक दिवसीय है, किंतु भविष्य में दीदी का विस्तृत समय बदनावर को प्राप्त हो तथा अंचल में भी कथा एवं संस्कार जागरण का व्यापक आयोजन हो, यह हमारी अपेक्षा है। ऋषिराज महाराज ने बताया कि दीदी मां हवाई मार्ग से इंदौर एयरपोर्ट पर उतरेंगे, वहां से सड़क मार्ग से बदनावर पहुंचेंगी। एक दिन का यह दिव्य आयोजन नगर के आध्यात्मिक इतिहास में नई ऊर्जा और चेतना का संचार करेगा। नगर में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह का वातावरण है तथा समाजजन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रीतेश सिंह पवार ने आभार प्रेमचंद जी परमार ने व्यक्त किया।



